# पुरानी बातों को भूल जाएं, उसे गांठ बांधकर न रखें : ब्र.कु. शिवानी

**इंडोर स्टेडियम में शिवानी बहन को सुनने भारी तादात में लोग रहे मौजूद**

**उन्होंने कहा... अच्छी सोच के लिए हमारा सोचना, बोलना और करना तीनों एक हो**

**पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल सहित अनेक प्रतिष्ठित व्यक्ति रहे शामिल**



**रायपुर-छ.ग.।** जीवन प्रबंधन विशेषज्ञा एवं मोटिवेशनल स्पीकर ब्र.कु. शिवानी बहन ने कहा कि हमारा सोचना, बोलना और करना समान होना चाहिए तभी हमारे विचारों की तरंगें अच्छी होंगी। सदैव अच्छा सोचें, सबके कल्याण का सोचें, सभी को दुआयें दें। क्योंकि जो हम संकल्प करते हैं वह तरंगित होकर प्रकम्पन के रूप में दूसरों तक पहुंचते हैं। इसलिए क्षमा करें और पुरानी बातों को भूल जाएं। उसे गांठ बांधकर न रखें। ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी ने 'अच्छी सोच बेहतर जिन्दगी' विषय पर बोलते हुए कहा कि हमें अपने दिन का आरंभ सकारात्मक विचारों के साथ राजयोग मेडिटेशन से करना चाहिए। निज स्वरूप की याद से हमारी अच्छी सोच बनेगी। किसी काम को बार-बार करने से वह हमारे संस्कार बन जाते हैं। हम अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति के बल पर अपने संस्कारों को भी बदल दूसरों के लिए प्रेरणास्रोत बन सकते हैं। इसे लीडरशिप क्वालिटी कहते हैं। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल, विधायक एवं छ.ग. गृहनिर्माण मण्डल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, महिला आयोग की अध्यक्षा श्रीमती किरणमयी नायक, शदाणी दरबार के सन्त साईंयुधिष्ठिर लाल, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, आर्मी के ब्रिगेडियर विघ्नेश सिंह, केन्द्रीय सुरक्षा बल के उपमहानिरीक्षक संजय सिंह, महापौर एजाज ढ़ेबर, नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे, पूर्व विधायक श्रीचन्द सुन्दरानी, छ.ग. सिंधी अकादमी के अध्यक्ष राम गिडलानी, ब्र.कु. आशा दीदी, ब्र.कु. सविता दीदी सहित भारी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ की क्षेत्रीय निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. हेमलता दीदी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि जीवन का सारा खेल ही हमारी सोच पर आधारित है। हमारे जैसी सोच होती, वैसी ही प्रकृति और वायुमण्डल बनता है।

# मेडिटेशन स्किल से प्रभावी कम्यूनिकेशन



सुप्रीम इंडस्ट्रीज़ में 'संचार कौशल व सहयोग कौशल' विषय पर सम्बोधित करते हुए ब्र.कु. प्रहलाद भाई।

**ग्वालियर-म.प्र.।** प्रभावी संचार कौशल एवं जीवन में सफलता के लिए ज़रूरी है कि पूरे आत्मविश्वास के साथ सुस्पष्ट ढंग से हम अपनी बात रखें। उक्त विचार मालनपुर स्थित सुप्रीम इंडस्ट्रीज़ में 'संचार कौशल व सहयोग कौशल' विषय पर आयोजित व्याख्यान में ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान से प्रेरक वक्ता ब्र.कु. प्रहलाद भाई ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि प्रभावी संचार खुद को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने के साथ सक्रिय रूप से दूसरों के संदेशों को सुनने और समझने की क्षमता विकसित करता है। सहयोग कौशल के माध्यम से हम एक-दूसरे का सहयोग लेकर आपसी संचार के माध्यम से समन्वित सफलता की ओर बढ़ते हैं। सहयोग के माध्यम से साझा परिणाम हासिल करने के लिए हमें साथ मिलकर काम करना होगा। इस मौके पर ब्र.कु. प्रहलाद भाई ने संचार और सहयोग की क्षमता विकसित करने के लिए टिप्स भी दिए। साथ ही सभी को राजयोग ध्यान का अभ्यास कराते हुए दैनिक जीवन में अपने मन को सशक्त और शक्तिशाली बनाने के लिए थोड़ी देर भी मेडिटेशन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ब्र.कु. सुरभि, ब्र.कु. रोशनी, ब्र.कु. विजेंद्र, द सुप्रीम इंडस्ट्रीज़ के जनरल मैनेजर संतोष काबरा, डीजीएम दिलीप कारवा, सीनियर मैनेजर आर.एस. शेखावत, अजय कुमार, संजय माहेश्वरी, जितेंद्र चौधरी, रंजन गुप्ता, महेंद्र शेखावत सहित पचास कर्मचारी मौजूद रहे।

**वाई20 के तहत ब्रह्माकुमारीज़ जानकीपुरम के वरदानी भवन सेवाकेन्द्र में कार्यक्रम**

# जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन आवश्यक

**लखनऊ-जानकीपुरम।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा वरदानी भवन सेवाकेन्द्र में 'स्वास्थ्य, कल्याण और खेल' विषय के तहत एस.आर. कॉलेज, ब्राइट लैंड स्कूल एवं सेंट मैरी नर्सिंग कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में युवाओं के लिए आयोजित वाई20 'विश्वास की शक्ति' कार्यक्रम में मुख्य वक्ता ब्र.कु. ई.वी. गिरीश ने सफल जीवन के गुर साझा करते हुए प्रज्वलित मन की शक्तियों और ध्यान के तरीकों व साधनों को बढ़ाने पर भी प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने जीवन और परीक्षा में सफलता के लिए अनुशासन के महत्व पर बात की। विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि एक खुशहाल समाज में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। साथ ही उन्होंने मूल्य आधारित खेलों और दैनिक जीवन में ध्यान के महत्व पर ज़ोर दिया। एमएलसी पवन सिंह चौहान ने अपने जीवन का अनुभव साझा करते हुए सभी से शिकायतें करने के बजाय समाधान निकालने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. बी.डी. सिंह,डीन,लखनऊ यूनिवर्सिटी लॉ फैकल्टी का छात्रों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।





# आध्यात्मिक विचारधारा से समाज में आयेगा बदलाव

**जगदम्बा भवन में 'यूथ फॉर वेल बीइंग एंड बेटर वर्ल्ड' युवाओं का सम्मेलन**

**सभी वक्ताओं ने कहा... युवाओं के मार्गदर्शन के लिए ब्रह्माकुमारीज़ का यह प्रयास सराहनीय**

**अयांश लीडरशिप अकादमी से लगभग 50 विद्यार्थी हुए शामिल**

**कार्यक्रम में वैल्यू गेम्स रहा विशेष आकर्षण का केन्द्र**



**पुणे-पिसोली(महा.)।** ब्रह्माकुमारीज़ के जगदम्बा भवन सेवाकेन्द्र में 'यूथ फॉर वेल बीइंग एंड बेटर वर्ल्ड' विषय पर युवाओं के लिए आयोजित सम्मेलन में 1998 बैच के आईपीएस ऑफीसर 'आयरन मैन' नाम से प्रसिद्ध,महाराष्ट्र पुलिस (फ़ोर्स वन) के प्रमुख कृष्ण प्रकाश ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सत्-चित्त से जो भी कार्य किया जाता है उससे आनंद, समाधान ही मिलने वाला है। ब्रह्माकुमारीज़ के आध्यात्मिक विचारधारा के माध्यम से यही विचार सारे संसार में जा रहा है कि अपने विचारों से ही अपने कर्म बनते हैं, इसलिए बस ज़रूरत है अपने विचार, अपनी सोच बदलने की।

युवा प्रभाग की उपाध्यक्षा राजयोगिनी ब्र.कु. चन्द्रिका दीदी ने कहा कि स्वयं की दृष्टि परफेक्ट होने से सारी दुनिया भी परफेक्ट हो जाएगी। क्योंकि जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि। ऐसे व्यक्तित्व का धनी बनना है, जिससे मैं खुद बदल कर के सारे संसार को बदल पाऊँ। पुणे विद्यार्थी गृह के अध्यक्ष सुनिल रेडकर ने कहा कि नई पीढ़ी का मार्गदर्शन करने का कार्य ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा हो रहा है, और युवाओं को इन मार्ग दर्शन शिविरों का लाभ अवश्य लेना चाहिए। यहाँ का वातावरण बहुत सकारात्मक है।

जगदम्बा भवन की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुनंदा दीदी ने मेडिटेशन का बहुत सरल अर्थ बताते हुए सभी को रोज़ 10 मिनट मेडिटेशन द्वारा परमात्मा से सर्व शक्तियाँ प्राप्त कर सदा खुश रहने के लिए प्रेरित किया। पुणे यूनिवर्सिटी के एनएसएस डीविज़न के अध्यक्ष सदानन्द भोसले ने राष्ट्रीय सेवा योजनाओं के विषय में सभी युवाओं को जानकारी देते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ के विश्व में व्याप्त सभी सेवाकेन्द्रों द्वारा आत्मजागृति का कार्य हो रहा है, यह बहुत बड़ी सेवा है। युवा प्रभाग की प्रवक्ता ब्र.कु. रीटा बहन व वरिष्ठ राजयोग शिक्षक ब्र.कु.दशरथ भाई ने भी अपने विचार व्यक्त किये। ब्र.कु.नलिनी बहन ने राजयोग का अभ्यास कराया व संचालन ब्र.कु. भाग्यश्री बहन ने किया।

RNI NO RAJHIN/2000/00721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/21-23, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2021-23, Posting on 12th TO 14th and 22nd TO 24th each month, published on 12th Aug, 2023
स्वामी - राजयोगा एजुकेशन रिसर्च फाउण्डेशन, प्रकाशक, सम्पादक एवं मुद्रक- गंगाधर नरसिंघानी द्वारा कैपिटल ऑफसेट, L 801-I, Sector-28, GIDC Gandhinagar(Guj.) से मुद्रित एवं ओमशान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़,शांतिवन-राज. से प्रकाशित।
कार्यालय - ओमशान्ति मीडिया
ब्रह्माकुमारीज़, शांतिवन,- 307510
See Latest News
www.omshantimedia.org